# <u>विश्वविद्यालय द्वारा रामनगर में किसान चौपाल का आयोजन</u>

पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम रामनगर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–केलाखेड़ा में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डा. सी.बी. सिंह, प्राध्यापक प्रजनन विभाग एवं परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। डा. सी.बी. सिंह द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बृजेश सिंह द्वारा पशु प्रबन्धन व प्रजनन सम्बन्धी समस्याओं के सुझाव पर प्रकाश डाला साथ ही पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी–अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण श्री शिवांशु तिवारी व धन्यवाद प्रस्ताव डा. सी.बी. सिंह, प्राध्यापक प्रजनन विभाग द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 40 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

